## न्यूज ब्रीफ

### सितार वादक हरविंदर शर्मा का अभिनंदन



**बीसलपुर, अमृत विचार :** प्रसिद्ध सितार वादक पंडित डॉ. हरविंदर शर्मा और तबला वादक जयदेव का अभिनंदन किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक विष्णु कुमार गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सितार वादक पंडित हरविंदर शर्मा देश का गौरव है। सितार वादन के क्षेत्र में उन्होंने अपनी प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई है। प्रधानाचार्य डॉ. रविशरण सिंह चौहान, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अर्चना चौहान एवं शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य हरीश चंद्र शर्मा, प्रमोद अग्निहोत्री मौजूद रहे।

### रिश्तेदार ने की अभद्रता एफआईआर दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव धनगवां निवासी कामता प्रसाद उर्फ कल्यान मुनि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर पर शादी का प्रोग्राम था। 24 अप्रैल को करेली थाना क्षेत्र के गांव तिलछी निवासी रिश्तेदार राजू ने गाली गलौज कर अभद्रता की। मारने की धमकी दी गई। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### समझौता को पहुंचे दामाद ने सास को पीटा

**बिलसंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पसगवां निवासी रूपवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल को दोपहर तीन बजे उसने अपने दामाद विशेष को बेटी की विदाई के लिए समझौता कराने गांव के अमरपाल के घर बुलाया था। आरोप है कि विशेष ने उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। बेटे को भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### आज लगेगा स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने बताया कि दौलतपुर मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित उनके निजी कार्यालय पर 26 अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकते हैं।

### कलाकारों की प्रस्तुति ने बांधा समां, झूमे बच्चे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लायंस बाल विद्या मंदिर में स्पिक मैके के तत्वावधान में शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम हुआ। सितार वादक एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित पंडित डॉ. हरविंदर शर्मा, तबला वादक पंडित जयदेव ने अपनी प्रस्तुति से कला और संस्कृति की छटा बिखेरी। कक्षा 12 के छात्र बांसुरी वादक सम्यक पाराशरी ने भी सुमधुर संगति से मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत के समय सिद्धांत का महत्व बताया गया। स्कूल की सचिव नीता मोदी, कार्यक्रम आयोजक संजीव पाराशरी ने कलाकारों का अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. सोमेश शर्मा, हेड मिस्ट्रेस शालिनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 3399 अभ्यर्थियों ने दी होमगार्ड परीक्षा, 921 ने छोड़ी

## जिले में छह केंद्रों पर हुई परीक्षा के देने के लिए थ्री लेयर चेकिंग से गुजरे अभ्यर्थी, डीएम-एसपी ने भी परीक्षा केंद्रों पर की चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** तपती धूप और चिलचिलाती गर्मी के बीच भी होमगार्ड भर्ती की चाहत अभ्यर्थियों के कदम नहीं रोक सकी। होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा के पहले दिन शनिवार को सख्त इंतजाम रहे। छह परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कराई गई। 3399 अभ्यर्थियों ने इम्तिहान दिया, जबकि 921 अनुपस्थित रहे। थ्री लेयर चेकिंग के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। डीएम एसपी समेत अन्य अफसरों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा रविवार को भी कराई जाएगी।

जिले में शनिवार को छह परीक्षा केंद्रों पर होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा कराई गई। राजकीय ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय और राजकीय पॉलिटेक्निक को परीक्षा केंद्र बनाया गया। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक कराई गई। पहली पाली में शामिल होने वाले अभ्यर्थी सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरु हो गए। यहां तक की गई अभ्यर्थी रात को ही परीक्षा केंद्र के आसपास जुटे रहे। परीक्षा शुरू होने से पहले झुलसाती गर्मी में अभ्यर्थियों ने लाइन में लगकर अपनी चेकिंग कराई। चेकिंग के दौरान प्रवेश पत्र और एक फोटो युक्त आईडी से मिलान करने के अलावा बायोमेट्रिक करने के बाद अभ्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। इस परीक्षा में लखीमपुर खीरी, गोला, मैलानी, बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर समेत आसपास के जिलों के अभ्यर्थी शामिल रहे। सभी जगह ठीक 10 बजे परीक्षा शुरू कराई। पहली पाली में सिर्फ राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 240 अभ्यर्थी रहे। जबकि अन्य पांच केंद्रों पर 384 के हिसाब से रेस्यू बनाया गया था। परीक्षा में ड्रमंड कॉलेज में 315, जीजीआईसी में 291, राम इंटर में 297, एसएन इंटर कॉलेज में 276, उपाधि में 300 और पॉलिटेक्निक में 191 उपस्थित रहे।

पहली पाली में ओवरऑल 490 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा देकर लौटे अभ्यार्थियों में कुछ के चेहरे पर मुस्कान दिखी, तो कोई मायूस दिखा। इसी तरह दूसरी पाली में 2160 अभ्यर्थी पंजीकृत रहे।

जिसमें 1729 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 431 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सचल दल और जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट भी निगरानी करते रहे। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्ति माधव ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इधर, परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम से अटैच रहे। अफसर उसकी मॉनिटरिंग करते रहे। परीक्षा संपन्न होने के बाद अभ्यर्थियों को कॉपियों को सीसीटीवी की निगरानी में सील करने के सुरक्षित रखवाया गया।



परीक्षा छूटने के बाद डिग्री कॉलेज चौराहा पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### दुकानें रही बंद, लोगों को घर से निकलने में हुई दिक्कत

परीक्षा केंद्रों के करीब 200 मीटर से अधिक के एरिया को पुलिस ने पूरी तरह से सील कर दिया था। इस दौरान डिग्री कॉलेज से नई बस्ती चौराहा तक बैरियर लगाकर रास्ता सुबह से ही बंद कर दिया था। वहीं दुकानें आदि भी बंद करा दी गई थी। ऐसे में वहां बने घरों से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। कई जगह पुलिस से जद्दोजहद के बाद लोगों को घर से निकलने का मौका मिला। परीक्षा समाप्त होने के बाद दुकानें खुल सकी।

### सड़कों पर दिखा अपनों का इंतजार

छह केंद्रों पर कराई गई पुलिस परीक्षा में शामिल होने के लिए लखीमपुर, शाहजहांपुर, बदायूं, बरेली आदि जिले के अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए आए थे। ऐसे में अभ्यर्थी एक दिन पहले ही या तड़के सुबह परीक्षा केंद्र के बाहर पहुंच गए। ऐसे अभ्यर्थी अपने परिजनों और दोस्तों के साथ परीक्षा केंद्र के बाहर बैठे दिखाई दिए। जिनके बच्चों का पेपर था। वह बंद दुकान के आगे बैठे दिखाई दिए। कोई दूसरी पाली की परीक्षा के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए दिखा। कहीं कोई थक हारकर स्लेब आदि पर सोता रहा। परीक्षा से पहले जहां सड़कों पर हल्का ट्रैफिक देखने को मिल रहा था। वही 12 बजे के बाद सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। नई बस्ती चौराहा से सुनगढ़ी तक वाहनों की कतार लग गई। तो वहीं डिग्री कॉलेज से छतरी चौराहा और नौगवां की ओर से जाम की स्थिति बनी रही। ट्रैफिक पुलिस जाम खुलवाने के लिए जुटी रही।



उपाधि महाविद्यालय से परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



रेलवे जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए लगी अभ्यर्थियों की भीड़। ● अमृत विचार



ड्रमंड कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर जानकारी करते डीएम व एसपी।

### हाईस्कूल में आकृति व इंटर में अंशिका प्रथम

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या एकता गुप्ता ने बताया कि हाईस्कूल का परीक्षा फल 94.44 प्रतिशत व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 88.24 प्रतिशत रहा है।

उन्होंने बताया कि हाई स्कूल में आकृति देवी ने 84.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान, आराधना वर्मा ने 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान, शीतल ने 80. 67 अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शिफा ने 78.67 प्रतिशत अंक प्राप्त पर चौथा स्थान व सैजल राठौर ने 78.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा इंटरमीडिएट में अंशिका ने 79.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान, अमरवती ने 77.04 अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान, बीना देवी ने 76.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शिवांशी गंगवार ने 76.04 अंक प्राप्त कर कक्षा में चौथा स्थान व पिंकी देवी ने 72.00 प्रतिशत अंक प्राप्त सर कक्षा में पांचवा स्थान प्राप्त किया। मेधावियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं अन्य स्कूलों में भी मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान टॉप करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

# स्पेल बी में गंगा हाउस रहा प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कालेज में कक्षा दो से चार तक के विद्यार्थियों के लिए स्पेल बी और कक्षा-नर्सरी से एक तक के बच्चों के लिए कविता कुंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने बताया कि स्पेल बी प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य वर्तनी कौशल में सुधार और ज्ञान को मनोरंजक तरीके से प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना रहा। रिसीटेशन प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, सार्वजनिक बोलने का कौशल और भाषा की पकड़ को मजबूत करना रहा।

स्पेल बी प्रतियोगिता में गंगा हाउस प्रथम रहा, जिसमें मिशेल, रश्मि, हेमदत्त, आदित्य, सुमान्या थे। कविता कुंज प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी के शिवांश, ऋविका, पल्लवी, जाया, विनायक एवं ईशिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा जेकेजी की कृति रिमझिम, पूजा, आरोही एवं अवनी, अंश क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। कक्षा एसकेजी की प्रभकीरत, हिदाया, रक्षिता, काव्या, नित्या एवं काव्यांश क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। संचालन मुस्कान अकरम और उंजिला ने किया। उप-प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

- स्प्रिंगडेल कॉलेज में हुई प्रतियोगिता बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

### कॉलेज प्रबंधन ने मेधावियों को किया सम्मानित

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** पंडित देवदत्त शर्मा जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरचरन लाल ने बताया कि हाई स्कूल में अनुज कुमार शर्मा ने 87.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा तान्या शर्मा व विकास दोनों ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हिमांशु राठौर ने 83 प्रतिशत, लकी कुमार ने 82 प्रतिशत व अंकुल ने 70.05 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा इंटरमीडिएट में ओमपाल 78.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, प्रांजल ने 76.06, प्राप्त कर द्वितीय व पल्लवी ने 68.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधन ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बाल विवाह रोकने के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने के साथ उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से कवायद चल रही है। इसी कड़ी में शनिवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को बाल विवाह जैसी कुरीतियों से दूर रहने और विभागीय योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई।

ललौरीखेड़ा ब्लाक के जंगरौली पुल में हब फॉर वूमेन एम्पॉवरमेंट के जेंडर स्पेशलिस्ट अजीत सिंह और श्रीकांत ने चौपाल लगाकर महिला कल्याण विभाग की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। टीम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन की बारीकियां भी समझाई गईं। इस दौरान महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न टोल-फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही टीम ने ग्रामीणों को आगाह किया कि बाल विवाह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बेटियों के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कम उम्र में शादी होने से बालिकाओं का शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है। कार्यक्रम में पंचायत सहायक ईश्वरी देवी समेत स्वयं सहायता समूह की तमाम महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।



जंगरौली पुल में जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

- जंगरौली पुल में हुए जागरूकता कार्यक्रम में दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिले जिलाध्यक्ष, कई बिंदुओं पर की चर्चा



**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। इस दौरान जिले के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। विकास से लेकर संगठन स्तर पर बात हुई। इस दौरान उन्होंने उपमुख्यमंत्री को पीलीभीत आगमन का निमंत्रण दिया। संगठन के आगामी अभियानों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया और जनपद के विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बात हुई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह, गोविंद पासवान भी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्यकर्मी और मरीजों ने ली मलेरिया उन्मूलन की शपथ

**बिलसंडा, अमृत विचार :** सीएचसी पर शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मरीजों को जागरूक किया गया। एमओआईसी डॉ.छत्रपाल सिंह ने स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों को जीरो मलेरिया थीम के तहत मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई। शपथ में मच्छरों से बचाव के लिए सदा मच्छरदानी का प्रयोग, साफ सफाई, अनावश्यक जल का जमाव न करना आदि बिंदुओं पर संकल्प लिया। इसके साथ ही बुखार आने पर समय से चिकित्सीय परामर्श लेने की सलाह दी। इस दौरान डॉ. अखिलेश, फार्मासिस्ट भूपेंद्र सिंह, चीफ फार्मासिस्ट अवधेश गुप्ता, सोमवीर, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# मेधावी और उनके अभिभावकों को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में शनिवार को अभिभावक अध्यापक बैठक हुई। प्रधानाध्यापक डॉ.विभव सक्सेना ने पाल्यों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। छह से 14 वर्ष के बच्चों का निकटतम परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराने के लिए प्रेरित किया। दीक्षा एवं रीड अलांग एप के माध्यम से बच्चों को घर पर भी अध्ययन कराने की बात कही।

बैठक में विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी व्यापक चर्चा की गई और अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किए।

प्रगति धामी एवं ममता देवी द्वारा हीट वेव एवं लू से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक की ओर से जागरूकता पोस्टर वितरित किए गए। अटल आवासीय विद्यालय द्वारा कक्षा छह में प्रवेश के लिए वर्ष 2026 में आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर विद्यालय की पूर्व छात्रा झलक वर्मा, उनके पिता महेंद्र कुमार, माता हीराकली को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रीना देवी, भगवान देई, चंपाकली, रेखा देवी, सुमित्रा, प्रेमवती, मीरा देवी, पुष्पा देवी, प्रमोद कुमार शर्मा, शोभाराम, संतराम, मनोज कुमार, माखन लाल आदि मौजूद रहे।




सम्मानित किए गए बच्चे और अभिभावक। ● अमृत विचार

# मुख्यमंत्री वंदन योजना से हुए कार्यों का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने वार्ड नंबर 15 के मोहल्ला खकरा में मुख्यमंत्री वंदन योजना के अंतर्गत कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए।

लोकार्पित कार्यों में ऐतिहासिक श्रीगौरी शंकर मंदिर को जाने वाले प्रमुख मार्गों का सीसी रोड निर्माण, आधुनिक लाइट पोल की स्थापना, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर कूलर लगवाए जाने जैसे कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से अब मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भी सहूलियत होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र, विभाग संचालक ओमप्रकाश की उपस्थिति रही। चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने अतिथियों के साथ शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शिलापट्ट अनावरण के बाद संघ के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व नगर पालिका अध्यक्ष ने नव निर्मित सड़कों का निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। इसके बाद सभी अतिथि गौरी शंकर मंदिर पहुंचे, विधि-विधान से जलाभिषेक कर नगर एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। इस मौके पर सभासद वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह, सुनीता सिंह, राशिद हुसैन, मोहन स्वरूप, मोनू मिश्रा, अनस अंसारी, प्रदीप मिश्रा, रामजी नाथ सक्सेना, डॉ. वरुण कपूर आदि मौजूद रहे।



वार्ड नंबर 15 मोहल्ला खकरा में हुए विकास कार्य का लोकार्पण करते अतिथि।

- चेयरमैन ने आरएसएस नेताओं की मौजूदगी में कराई शुरुआत
- प्राचीन गौरीशंकर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सहूलियत



प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में पूजन करतीं चेयरमैन डॉ .आस्था अग्रवाल व अन्य।



## शहर में आज

- छह केंद्रों पर होमगार्ड भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से।
- समस्त पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ में साप्ताहिक हवन गोष्ठी सुबह 07 बजे से।
- दौलतपुर मार्ग पर स्थित बरखेड़ा चेयरमैन के कार्यालय पर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर मां-बेटी के साथ मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने घर में घुसकर धारदार हथियारों से महिला व उसकी पुत्री को हमला कर घायल कर दिया। ग्राम रायपुर निवासी रामफूल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 अप्रैल को गांव का रामकिशन, रतनपाल अपने अज्ञात साथियों संग आए और हमला कर दिया। उनकी पत्नी और बेटी की पिटाई कर दी। बेटी गुड्डी के चाकू से वार किए। वहीं, ग्राम महादेवा निवासी अख्तर हुसैन की पत्नी रबी ने अपने जेठ मुश्ताक, जेठानी नजमा के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### सड़क हादसे में दंपती घायल, सीएचसी में भर्ती

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव जगीपुर निवासी मनमोहन सिंह पुत्र तेजाराम शनिवार को अपनी पत्नी शीतल देवी के साथ दवा लेने के लिए बाइक से पीलीभीत गए थे। दवाई लेकर दोपहर बाद वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान बरखेड़ा पीलीभीत मुख्य मार्ग पर बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों घायल हो गये। घायल दंपति को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया।

### युवक से मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदोई निवासी जसोदा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण करती है। 21 अप्रैल की शाम पांच बजे वह अपने पुत्र के साथ खेत पर काम कर रही थी। तभी पड़ोस का रहने वाला मोनिस वहां आ गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी की मां शबाना ने भी वहां पहुंचकर गाली गलौज की। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर उसके पुत्र की पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मोनिस को गिरफ्तार कर लिया है।

# मुठभेड़ में पांच शिकारी और गिरफ्तार दो के पैर में लगी गोली, एफआईआर दर्ज

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने और वनकर्मियों पर फायरिंग का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मुठभेड़ में घायल हुए शिकारियों को पकड़कर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : बराही रेंज के जंगल में घुसकर शिकार और वनकर्मियों पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पांच और शिकारियों को धर दबोचा। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने धरपकड़ की। इसमें दो शिकारियों को पैर में गोली लगी है। रिपोर्ट दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया है। बता दें कि एक आरोपी को पुलिस चार दिन पूर्व मुठभेड़ के बाद जेल भेज चुकी है। उसके भी पैर में गोली लगी थी।

बता दें कि 15 अप्रैल की रात पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बराही रेंज के जंगल में शिकारी घुसे और जंगली सुअर का शिकार कर लिया। सूचना पर घेराबंदी करने पहुंची वन विभाग की टीम ने पकड़ने का प्रयास किया तो शिकारियों ने वन टीम पर फायरिंग कर दी थी। वन विभाग ने विभागीय केस दर्ज करने के साथ ही माधोटांडा थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई थी। इसमें हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम राधवपुरी निवासी हरजिंदर सिंह और बलजीत सिंह को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात शिकारी आरोपी बनाए थे। 21 अप्रैल को माधोटांडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी हरजिंदर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उससे पूछताछ के बाद पुलिस को कई सुराग मिले थे। जिनके आधार पर अन्य शिकारियों की तलाश तेज कर दी गई थी। 24 अप्रैल की रात सूचना मिली कि सेल्हा मजार के पास जंगल में पूर्व में हुई शिकार की घटना के आरोपी मौजूद हैं। इस पर माधोटांडा पुलिस ने सेल्हा मजार के पास जंगल में घेराबंदी कही।पूर्व में वनकर्मियों पर हमला कर चुके शिकारियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पांच और शिकारियों को धर दबोच। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम राघवपुरी निवासी अमरजीत, हरपाल उर्फ जसपाल उर्फ पालू, मुख्तियार, बलजीत सिंह और सतनाम सिंह बताया। पकड़े गए पांच में से दो शिकारी अमरजीत और हरपाल पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए थे।उनका सीएचसी में इलाज कराया गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने वन्यजीव के शिकार में इस्तेमाल की गई अवैध बंदूक, अवैध शस्त्र 315 बोर, कारतूस भी बरामद किए। मुंठभेड़ और असलहा बरामदगी के संबंध में अलग से एफआईआर दर्ज की गई। जिसके बाद चालान कर कोर्ट में पेश करके आरोपियों को जेल भेज दिया है। धरपकड़ करने वाली टीम में इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल, दरोगा मोहम्मद सैफ, मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल अनुराग सिंह, कांस्टेबल अंकुर, संतोष कुमार थे।

- एक शिकारी को पूर्व में ही जेल भेज चुकी है माधोटांडा पुलिस अन्य की कर रही थी तलाश

> बराही के जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने और वनकर्मियों पर फायरिंग से जुड़ी घटना बीते दिनों प्रकाश में आई थी। एफआईआर दर्ज कर पूर्व में एक आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांच अन्य आरोपी भी पकड़े गए हैं। इसमें दो अन्य को भी मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।
> – **सुकीर्ति माधव**, एसपी

### अभी और कसेगा शिकंजा, खुलेगी हिस्ट्रीशीट

पीटीआर के जंगल में अवैध तरीके से प्रवेश कर शिकार और फिर पहले वनकर्मियों व अब पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले छह शिकारियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। एक आरोपी सतमान सिंह की उम्र तो 72 वर्ष बताई जा रही है। सभी को जेल भेजने के साथ ही आगे अभी और शिकंजा कसा जाएगा। इन सभी की हिस्ट्रीशीट खोली जएगी। सख्त एवं प्रभावी वैधानिक कार्यवाही के निर्देश एसपी ने दिए हैं। अधिकारी मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरलोड वाहनों पर कसा शिकंजा, पांच वाहन सीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- टीम ने जंगल के रास्तों पर चलाया अभियान, वसूला 3.30 लाख रुपये का जुर्माना

**अमृत विचार** : जनपद में अंधेरे में जंगल के रास्तों से फर्राटा भर रहे ओवरलोड और अवैध खनन के वाहनों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार देर रात खटीमा-पूरनपुर मार्ग पर परिवहन, वन और खनन विभाग ने संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर पांच ओवरलोड वाहनों को पकड़ लिया। बिना ई-रवन्ना और ट्रांजिट पास के दौड़ रहे इन वाहनों पर करीब 3.30 लाख रुपये का जुर्माना वसूलते हुए इन सभी को मुस्तफाबाद वन चौकी में खड़ा कराया गया है।

दरअसल, बीते कई दिनों से एआरटीओ वीरेंद्र सिंह को सूचना मिल रही थी कि खटीमा-पूरनपुर मार्ग का इस्तेमाल कर रात के समय बड़े पैमाने पर ओवरलोड वाहनों का संचालन किया जा रहा है। विशेष रूप से जंगल क्षेत्र के रास्तों का उपयोग कर ओवरलोड वाहन विभागीय नजर से बचने की कोशिश कर रहे थे। इस पर संज्ञान लेते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह और महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव ने मिलकर रणनीति बनाई और शुक्रवार देर रात खटीमा-पूरनपुर मार्ग पर छापेमारी की गई।

> लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जिसके बाद खनन एवं वन विभाग के साथ मिलकर यह संयुक्त कार्रवाई की गई है। सड़क सुरक्षा और राजस्व की हानि को रोकने के लिए जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। किसी भी सूरत में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
> – **वीरेंद्र सिंह**, एआरटीओ

इस दौरान टीम ने जब जंगल क्षेत्र से गुजर रहे खनन सामग्री से लदे वाहनों को रोककर उनकी जांच की, तो चालक मौके पर वैध ई-रवन्ना या ई-ट्रांजिट पास नहीं दिखा सके। इस पर पांच वाहनों को ओवरलोडिंग और नियमों के उल्लंघन में चालान कर कर लिया गया। इन वाहनों पर 3.30 लाख का अर्थदंड लगाया गया है। साथ ही इन सभी वाहनों को मुस्तफाबाद वन चौकी में खड़ा करवाया गया है।

# डीएम ने दिए किसानों का सामान सुरक्षित बाहर निकालने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

## अवैध कोल्ड स्टोरेज मामला

- पूर्व में दिए गए नोटिस के जवाब के आधार पर तय होगी अग्रिम कार्रवाई
- जिला उद्यान अधिकारी ने मोहल्ला डालचंद में छापा मारकर जारी किया था नोटिस

**अमृत विचार** : शहर के रिहायशी इलाके में बिना अनुमति और बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे एक निजी कोल्ड स्टोरेज को लेकर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है। डीएम ने कोल्ड स्टोरेज में रखे किसानों के सामान को सुरक्षित बाहर निकालने के निर्देश दिए हैं। वहीं, संचालक की ओर से नोटिस का जवाब भी दे दिया गया है। अब आगे की कार्रवाई जवाब के आधार पर की जाएगी।

मामला शहर के मोहल्ला डालचंद स्थित मेसर्स अग्रवाल कोल्ड स्टोरेज एंड आइस फैक्ट्री का है। आरोप है कि कोल्ड स्टोरेज अवैध तरीके से बिना लाइसेंस ही संचालित किया जा रहा था। 17 अप्रैल को प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी की थी। उद्यान निरीक्षक फूल कुमार और सहायक उद्यान निरीक्षक रामेश्वर दयाल गंगवार आदि ने निरीक्षण के दौरान पाया था कि पूर्व में आइस फैक्ट्री के रूप में पंजीकृत इस परिसर में अब गुप्त रूप से एक चेंबर बनाकर उसे निजी कोल्ड स्टोरेज के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा। यहां भारी मात्रा में आलू के साथ-साथ संतरा, अंगूर और बेल जैसे कृषि उत्पादों का भंडारण मिला था। कोल्ड स्टोर संचालक अभिलेख नहीं दे सका था। न ही अग्निशमन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या विद्युत विभाग की एनओसी दिखाई जा सकी थी। प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी मृत्युंजय सिंह द्वारा कोल्ड स्टोरेज संचालक को नोटिस देकर जवाब मांगा था। जिसका बताते हैं कि जवाब भेज दिया गया है। वहीं, प्रशासन को संज्ञान में आया है कि इसमें किसानों का काफी सामान रखा हुआ है। उसका नुकसान न हो, इसके लिए अग्रिम कार्रवाई से पूर्व इसे बाहर निकालने के निर्देश दिए गए हैं।

> इस मामले में पूर्व में ही नोटिस दिया गया है। जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई कराई जा रही है। कोल्ड स्टोरेज में रखा किसानों के सामान का नुकसान न हो, इसके लिए उक्त सामान को सुरक्षित बाहर निकालने के निर्देश दिए गए हैं। – **ज्ञानेंद्र सिंह**, डीएम

# घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश

**पीलीभीत, अमृत विचार** : घर में घुसकर एक युवक ने महिला से दुष्कर्म करने की कोशिश की। उस वक्त वह घर पर अकेली थी। शोर पर पड़ोसियों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया।

थाना गजरौला में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 24 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह घर पर अकेली थी। उनके पति खेत पर काम करने गए थे।

आरोप है कि इसी दौरान गांव का बलजीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह घर में घुस आया और बुरी नीयत से पकड़ लिया। छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। शोर पर आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी भाग गया। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जनजागरण व त्वरित जांच पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में शपथ दिलाते सीएमओ डॉ. आलोक कुमार व मौजूद अन्य स्वास्थ्य कर्मी।

## विश्व मलेरिया दिवस

- 10 फीसदी आबादी की जांच अनिवार्य, हर ज्वर मरीज की होगी स्क्रीनिंग

**अमृत विचार** : विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में मलेरिया उन्मूलन की मुहिम को नई धार देते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जनजागरण और त्वरित जांच पर जोर दिया। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ग्राम स्तर तक समन्वय बढ़ाने की रणनीति तय की गई।

स्कूलों में रैली निकालकर विद्यार्थियों ने लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि सभी ज्वर रोगियों की अनिवार्य जांच कराई जाएगी और पॉजिटिव पाए जाने पर तत्काल उपचार सुनिश्चित होगा। आबादी के सापेक्ष कम से कम 10 प्रतिशत लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। आशा, एएनएम और सीएचओ के जरिए घर-घर सर्वे कर केस-बेस्ड सर्विलांस और स्रोत नियंत्रण गतिविधियां संचालित होंगी। एक मरीज मिलने पर आसपास के 50 घरों में जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा। जनजागरण के तहत रैली, गोष्ठी, चौपाल, पंपलेट और सोशल मीडिया के माध्यम से हर रविवार-मच्छर पर वार अभियान को गति दी जा रही है। लोगों को घरों के आसपास जलभराव न होने देने, कूलर-टंकी साफ रखने और बेकार बर्तनों में पानी जमा न होने देने की सलाह दी गई है। इसके अलावा सभागार कक्ष में सभी को शपथ दिलाई गई। सीएमओ ने बताया कि 2023 से 2025 तक जांच में लगातार वृद्धि हुई है, जबकि 2026 में अप्रैल तक 29,561 जांच में केवल तीन मरीज मिले हैं। एक मई से प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशक छिड़काव भी शुरू होगा।

# किसान संगोष्ठी में दी आवश्यक जानकारी

संवाददाता, बिलसंडा



बमरौली में हुई संगोष्ठी में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

- कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड ने की संगोष्ठी

**अमृत विचार** : ग्राम बमरौली में पंतनगर एग्री जंक्शन केंद्र पर कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड की ओर से पीएम प्रणाम किसान संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका रहे।

उन्होंने वैज्ञानिक कृषि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम संयोजक कृभको जिला प्रबंधक अंशु कुमार ने मृदा परीक्षण व खाद के संबंध में जानकारियां दी। अध्यक्षता किशोर न्याय बोर्ड पीलीभीत के सदस्य प्रभात शंखधार, संचालन स्वेतांक शंखधार ने किया। इस मौके पर प्रकाश शर्मा, भृगुराज सिंह, ग्राम प्रधान रणजीत सिंह, सुरेश चौहान, कीर्ति राम वर्मा, सुधीर कुमार शर्मा, रीतराम, विवेक श्रीवास्तव, विवेक अग्निहोत्री, अनुराग मिश्रा, रंजीत सिंह, गुरपेज सिंह, विकास शर्मा, विशेष मिश्रा, विनीत मिश्रा, बृजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बाजार जा रही दिल्ली की युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचार** : सुनगढ़ी क्षेत्र में अपनी भतीजी के जन्मदिन में शामिल होने के लिए आई दिल्ली की युवती से गांव के युवकों ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने व पुलिस को कॉल करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसका मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्जकर जांच कर रही है।

दिल्ली निवासी एक युवती ने सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 23 अप्रैल को पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक गांव में अपनी भतीजी के जन्मदिन कार्यक्रम में आई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शाम करीब सवा पांच बजे वह दुकान से खरीददारी करने के लिए जा रही थी। दुकान के समीप पहुंचने पर गांव के निवासी रूचित मौर्य पुत्र नरेंद्र मौर्य व अमन मौर्य ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। जब उसने पुलिस से शिकायत करने के लिए फोन निकाला तो आरोपियों ने फोन छीन कर तोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सुनगढ़ी इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

# सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार** : बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मसीत निवासी रामऔतार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अप्रैल की शाम सात बजे ग्राम टिकरी में गैस एजेंसी के पास ट्रक ने मार्ग किनारे खड़े उसके पुत्र आशीष कुमार को टक्कर मार दी थी। जिसमें पुत्र की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त विकास घायल हो गया था। पुलिस ने ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, ग्राम लौंगहा निवासी गीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक फरवरी की शाम पांच बजे पति प्रदीप कुमार बाइक से शेरगंज तिराहे पर जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें पति की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज की है।

# हाईवे पर छुट्टा पशुओं से सड़क हादसे का खतरा



हाईवे पर छुट्टा पशुओं के झुंड। ● अमृत विचार

**मझोला, अमृत विचार** : कस्बे में पिछले कई दिनों से छुट्टा पशुओं की समस्या बढ़ती जा रही है। शाम के वक्त टनकपुर हाईवे और सितारगंज रोड पर बड़ी संख्या में पशुओं के झुंड विचरण करते हैं। इससे हादसे का डर बना हुआ है। बाजार और मुख्य मार्गों पर भी स्थिति बदहाल है। स्कूली बच्चे निकलते हैं तो उन पर हमले का डर सताया रहता है। कई बार लोग टकराकर घायल भी हो चुके हैं। वहीं, पशु भी सुरक्षित नहीं है। कस्बे के लोगों ने इस समस्या के समाधान की मांग की है।

# सम्मानित कर टॉपर्स का बढ़ाया हौसला



पुरस्कृत किए गए मेधावी और शिक्षक। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचार** : उत्तरप्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के कक्षा 10 के घोषित हुए परीक्षा फल में बीसलपुर के शिवाजी शिक्षा निकेतन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का दबदबा रहा।

शनिवार को आयोजित हुए अभिनंदन समारोह में संस्कृत बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 90.14 प्रतिशत अंकप्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पर रहने वाली छात्रा नेहा का अभिनंदन किया गया। इसके अलावा 79.71 अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान पर आए छात्र देवेश कुमार, 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर चतुर्थ स्थान पर रहने वाली छात्रा जोती,75.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पांचवें स्थान पर रहने वाली सलोनी व 75.14 प्रतिशत अंक के साथ छठे स्थान पर रहने वाली लवप्रीत कौर का अभिनंदन किया गया। संरक्षक डॉ. मुरारीलाल गंगवार, प्रधानाचार्य भाग्यश्री, संजीव कुमार ने मेधावियों को सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक उमेश गंगवार, बबलू, राजीव, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, रेशमा, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# सास से हुए विवाद के बाद युवक ने खाया जहर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सास से हुए विवाद के बाद एक युवक ने खुदकुशी करने की कोशिश की। उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

बताते हैं कि न्यूरिया थाना क्षेत्र का एक युवक की शादी माह पूर्व सुनगढ़ी क्षेत्र की युवती से हुई थी। शनिवार सुबह वह अपनी ससुराल गया था। वहां सास से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच विवाद होने लगा। आरोप है कि युवक से उसकी सास ने अपशब्द कहते हुए अभद्रता कर दी। इसी से आहत युवक का पत्नी से भी विवाद हो गया। इसके बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। वह एक कमरे में चला गया और काफी देर बाद जब बाहर नहीं आया तो लोग पहुंचे तो वह अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उसकी हालत गंभीर थी। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

## बदतर हालात

### देरी हुई तो तय समय पर कैसे होगी नालों की तलीझाड़ सफाई

# नाले पड़े चोक, टेंडर के बाद भी वर्कआर्डर जारी नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



विशाल टॉकीज के पास नाले में जमा गंदगी। ● अमृत विचार



गांधी स्टेडियम रोड पर चोक नाला। ● अमृत विचार

- हर साल बारिश के दिनों में तालाब का रूप लेती हैं सड़कें
- नालों में जमा पॉलिथीन का अंबार ड्रेनेज सिस्टम भी बदहाल

**अमृत विचार** : शहर के नालों की तलीझाड़ सफाई को लेकर नगरपालिका की तैयारी सुस्त हैं। पहले टेंडर प्रक्रिया करने में देरी की गई। टेंडर प्रक्रिया पूरी हुई तो अब वर्कऑर्डर जारी नहीं हो सका है, जिससे समय पर सफाई कार्य पूरा होने पर सवाल खड़े हो गए हैं। हालात यह है कि नाले पूरी तरह से चोक हैं। पानी फ्लो एक दम बंद है। हल्की बारिश में ही नाले उफना जाते हैं। जिसका पानी सड़कों पर दिखाई देने लगता है। मगर इसके बाद भी जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं। सवाल यह उठता है कि महज 51 दिनों के भीतर 38 नालों की तलीझाड़ सफाई करना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। फिलहाल पालिका सफाई कराने का दावा कर रही है।

बता दें कि ढाई लाख से अधिक आबादी वाले शहर में 27 वार्ड, 59 मोहल्ले और 21 से अधिक कॉलोनियां हैं। इसके अलावा करीब दो किलोमीटर लंबा बाजार क्षेत्र भी जलभराव की समस्या से सबसे अधिक प्रभावित रहता है। शहर में छोटे-बड़े मिलाकर कुल 38 नाले हैं, जिनमें छह बड़े और 32 छोटे नाले शामिल हैं। हर साल मानसून से पहले इन नालों की तलीझाड़ सफाई कराई जाती है, ताकि जल निकासी सुचारु बनी रहे और सड़कों पर पानी न भर सके। इस बार टेंडर के बाद भी काम शुरू न होने से पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग गया है। जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश नालों में पॉलिथीन, कूड़ा-कचरा और गंदगी जमा है। कई स्थानों पर नाले पूरी तरह चोक हो चुके हैं, जिससे हल्की बारिश में ही पानी सड़कों पर आ जाता है। ड्रेनेज सिस्टम पहले से ही कमजोर स्थिति में है, ऐसे में समय पर सफाई न होने पर हालात और बिगड़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल यही स्थिति बनती है। नाला सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया समय पर पूरी होने के बावजूद वर्कऑर्डर जारी करने में देरी है। मानसून सत्र शुरु होने में सिर्फ 51 दिन शेष है। 15 जून से मानसून शुरु होता है। अभी तक नाला सफाई कार्य शुरू नहीं हो सका है।

> प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी कर सफाई अभियान शुरू कराया जाएगा। नगर पालिका की ओर से जल्द ही सफाई शुरू करा दी जाएगी। इस बार शहर को बारिश में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। – **संजीव कुमार**, ईओ नगरपालिका

न्यूज ब्रीफ

### घर में सेंध लगाकर लाखों के जेवरात चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** फूलबेहड़ क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए दीवार काटकर घर में प्रवेश किया और जेवरात चोरी कर फरार हो गए। ग्राम लखहा भूड़ निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि वह रात में खाना खाने के बाद परिवार के साथ सो गए। इसी बीच रात में किसी समय चोर घर के पूर्वी हिस्से की दीवार काट अंदर घुस आए। बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब चार लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। सुबह दीवार कटी और कमरों में बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लोगों से पूछताछ कर चोरों की तलाश में जुटी है।

### कहासुनी के बाद बुजुर्ग पर किया हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव सिसैया (कलुआपुर) निवासी बनवारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 5:30 बजे वह अपने दामाद के पास बैठे थे। इसी दौरान गांव का ही मुकेश डंडा लेकर वहां पहुंचा और किसी पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने बनवारी पर हमला कर दिया और डंडे से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई श्रवण कुमार यादव को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# नारी शक्ति का यह अपमान बिल्कुल नहीं सहेगा हिंदुस्तान

## जन आक्रोश महिला सम्मेलन में विपक्ष पर तीखे हमले, भाजपा महिला मोर्चा ने पदयात्रा निकालकर फूंका पुतला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



विपक्ष के खिलाफ पद यात्रा निकालतीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी। ● अमृत विचार



पुतला फूंकतीं और नारेबाजी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जन आक्रोश महिला सम्मेलन में शनिवार को अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल महिलाओं के सशक्तिकरण से घबराते हैं और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। सम्मेलन के बाद भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अगुआई में राज्य मंत्री ने पद यात्रा निकाली। इस दौरान महिलाओं के हाथों में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पुतले थे। साथ ही नारी शक्ति का यह अपमान बिल्कुल नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाए जा रहे थे। कलेक्ट्रेट गेट पर दोनों नेताओं के पुतले जलाए गए।

इससे पहले जिला सहकारी बैंक के सभागार में महिला सम्मेलन में राज्य मंत्री ने कहा कि संसद में पेश नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित न होने देना विपक्ष की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सपा ने इस ऐतिहासिक बिल का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि विकसित

● अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी मौजूद रहे

भारत का निर्माण तभी संभव है, जब महिलाएं सशक्त और निर्णय प्रक्रिया में सहभागी हों। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह बिल देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम था, लेकिन विपक्ष के रवैये ने असली इरादों को उजागर कर दिया। मंत्री ने दावा किया कि देशभर में महिलाएं इस मुद्दे को लेकर आक्रोशित हैं और आने वाले समय में जवाब भी देंगी।

सम्मेलन में श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं ने अब सब कुछ समझ लिया है। कहा कि समय आने पर महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को करारा जवाब देंगी। पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल और संतोष कुमारी सहित कई नेताओं ने भी अपने विचार रखे। संचालन जिला मंत्री संगीता पुरी जबकि अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू लता श्रीवास्तव ने की। सम्मेलन के बाद महिलाओं की अगुआई में जन आक्रोश रैली निकाली गई, जो जिला सहकारी बैंक से शुरू होकर पदयात्रा के रूप में कलेक्ट्रेट गेट तक पहुंची। कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने विपक्षी नेताओं के पुतले फूंके और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम पांडे, जिला मंत्री शरद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह और अशोक अवस्थी सहित कई कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

### महिला आरक्षण बिल न पास होने देना साजिश: दानिश



**लखीमपुर खीरी, अमृतविचार :** अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाएं सशक्त हों और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी बढ़े। यही कारण है कि छल-प्रपंच के जरिए महिला आरक्षण बिल यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित नहीं होने दिया गया। जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्य मंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की बात हर राजनीतिक दल करता है, लेकिन संसद में जो हुआ, उसने साफ कर दिया कि कौन वास्तव में महिलाओं के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि विकसित भारत का निर्माण नारी शक्ति के सशक्तिकरण के बिना संभव नहीं है। इसी सोच के तहत संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, जिसके जरिए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था, लेकिन कांग्रेस, सपा समेत विपक्षी दलों ने इसे पारित नहीं होने दिया। यह दिन संसदीय इतिहास में काले दिन के रूप में याद किया जाएगा। इस वार्ता के दौरान जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा हीरा श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू लता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### इंस्पेक्टर के वायरल वीडियो से हड़कंप अभद्रता पर घिरे

**निघासन, अमृत विचार:** पढ़ुआ थाना क्षेत्र में नवागत प्रभारी निरीक्षक दिनेश शर्मा का एक कथित वीडियो सामने आने के बाद मामला तेजी से तूल पकड़ रहा है। वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

आरोप है कि एक घटना के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर मौजूद पत्रकार और अन्य लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटनास्थल पर मौजूद एक पत्रकार द्वारा बनाए गए वीडियो में यह पूरा घटनाक्रम कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के समय पत्रकार मौके पर कवरेज कर रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति बनी और कथित तौर पर प्रभारी निरीक्षक का व्यवहार आक्रामक हो गया। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय पत्रकारों और लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। पीड़ित ने मामले की जानकारी एसपी को दी। पत्रकार प्रतिनिधिमंडल डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा। लोगों का कहना है कि पत्रकार से इस प्रकार का व्यवहार किया जा सकता है, तो आम नागरिकों के साथ स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रभारी निरीक्षक ने इस बाबत कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया।

# शिव मंदिर के पीछे बने मंदिर ढहाए

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** शिव मंदिर कॉरिडोर का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। परिक्रमा पथ में परिसर में स्थित विभिन्न देवी, देवताओं की 11 मंदिरों को हटाकर उन्हें पुनर्स्थापित किया जाना है। कई मंदिरों को पहले ही ढहा दिया गया है।

शुक्रवार देर शाम एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों के साथ शिव मंदिर कॉरिडोर में कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए थे। रात पौराणिक शिव मंदिर के पीछे स्थित प्राचीन काल भैरव मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर और हनुमान जी के मंदिरों को ढहा दिया गया और शिव मंदिर के



पौराणिक शिव मंदिर के पीछे हटाए गए मंदिरों का मलबा हटाती जेसीबी।

दक्षिण पश्चिम स्थित प्राचीन वट वृक्ष को भी हटा दिया जहां महिलाएं वट सावित्री पूजन करती थी। शनिवार को पोकलेन मशीन से ढहाए गए मंदिरों का मलबा हटाने का कार्य किया जाता रहा। प्राचीन मंदिरों को हटाने के बाद

● परिक्रमा पथ की जद में आने पर हटाया प्राचीन वटवृक्ष

मंदिरों को परिक्रमा पथ में पुनर्स्थापित किया जा रहा है, जिसमें श्री राधा कृष्ण मंदिर की मूर्तियां एक मंदिर में स्थापित की जा चुकी है। अन्य मंदिरों में भी शीघ्र ही देवी, देवताओं की मूर्तियां स्थापित की जाएगी। पौराणिक शिव मंदिर के दक्षिण पश्चिम स्थित प्राचीन वट वृक्ष को हटा दिए जाने से आसपास, नगर क्षेत्र से आने वाली सुहागिनों को वट सावित्री पूजन में परेशानी होगी। शनिवार शाम विधायक अमन गिरि ने आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला, जेई विवेक बाजपेई के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए।

### रास्ते में रोककर युवक व परिजनों से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के मोहल्ला अर्जुनपुरवा निवासी प्रियांशु वर्मा ने बताया कि वह शाम के समय अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिया के पास पहले से घात लगाए बैठे भल्ला, उसकी पत्नी, उसका पुत्र सुंधांशु और पवन कश्यप ने उन्हें रोक लिया। गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी मां रेनू और दोस्त ऋषि मिश्रा को भी पीटकर घायल कर दिया गया। साथ ही आरोपियों के एक रिश्तेदार द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला को सौंपी है।

# पहले दिन सख्त पहरे में हुई होमगार्ड परीक्षा, 3086 ने छोड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2026 के पहले दिन जनपद में 16 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 13056 में से 9970 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 3086 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।



कंट्रोल रूम में सीसीटीवी का अवलोकन करते डीएम अंजनी कुमार सिंह।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने दोनों सत्रों की परीक्षा में परीक्षा केंद्रों स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, गुरुनानक इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, आर्य कन्या इंटर कॉलेज और आर्य कन्या डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम-एसपी ने भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरे देखे व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

● डीएम और एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा, दिए निर्देश

### प्रथम पाली में 4893 द्वितीय में 5077 ने दी परीक्षा

जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 6528 के सापेक्ष पहली पाली में 4893 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1635 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 5077 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1451 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 26 और 27 अप्रैल को भी 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

### रंजिश में लाठी-डंडों से हमला, कई घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली धौरहरा के गांव महराजनगर निवासी अनीश ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव के अतीक, हीरू, इमरान और रिजवान ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज शुरू कर दी।

जब उनके परिजनों ने विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में साबान, वजीर, सत्तार, नूरआलम और हासिमा समेत कई लोग घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने ईंट-पत्थर भी फेंके और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# डीएम ने बच्चों के बीच बैठकर जानी पढ़ाई की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की हकीकत जानने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह शनिवार को विकास क्षेत्र लखीमपुर के प्राथमिक विद्यालय राजापुर पहुंच गए। उनके पहुंचने से विद्यालय में हलचल जरूर दिखी, लेकिन उन्होंने निरीक्षण को गंभीरता और गहराई से अंजाम दिया।

डीएम ने सर्वप्रथम कक्षा-5 में चल रही स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया। स्मार्ट टीवी पर पढ़ाई जा रही विषय वस्तु पर उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ सही उत्तर



परिषदीय स्कूल में बच्चे से सवाल का जवाब समझते डीएम अंजनी कुमार सिंह।

दिया। इसके बाद डीएम ने बच्चों से सीधे संवाद कर उनके शैक्षिक स्तर की जांच की। इस दौरान वे स्वयं शिक्षक की भूमिका में नजर आए और बच्चों को समझाते हुए दिखे। होनहार छात्र अनमोल ने गणित विषय में महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य से जुड़े प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। डीएम ने उसकी सराहना करते हुए शिक्षक-अभिभावक बैठक में सम्मानित करने के निर्देश दिए। अन्य विद्यार्थियों का

● कक्षा में खुद बने शिक्षक, बच्चों से संवाद कर परखा अधिगम स्तर

अधिगम स्तर भी संतोषजनक मिला।

डीएम ने अन्य कक्षाओं में पहुंचकर भी पठन-पाठन की गुणवत्ता, शिक्षण व्यवस्था और बच्चों की सहभागिता का निरीक्षण कर छात्रों से संवाद किया। इसके बाद डीएम ने मिड डे मील की जांच की और स्वयं भोजन की गुणवत्ता परखी, जो मानकों के अनुरूप पाई गई। डीएम ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 22 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं गणना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह ने लखनऊ पब्लिक स्कूल स्थित प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।

प्रशिक्षार्थियों को बताया कि 22 मई से 20 जून के मध्य समस्त प्रगणक व पर्यवेक्षकों के द्वारा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किया जाएगा। जिला जनगणना अधिकारी ने 07 मई से 21 मई के मध्य स्व- गणना ऐप के माध्यम से अपने अपने क्षेत्र के

● जनगणना : एडीएम ने प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों आदि के द्वारा स्व-गणना कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए उत्तरों को प्रगणकों व पर्यवेक्षकों की सहभगिता से दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि स्व-गणना ऐप पर दर्ज किये। उत्तरों की जांच कर प्रगणक सबमिट बटन दबाकर एचएलओ कार्य आन-लाइन मोड में गति दे सकेंगे। इस दौरान तहसील लखीमपुर के तहसीलदार मुकेश वर्मा, नामित जिला प्रभारी दिव्यांक मिश्रा व जिला जनगणना सेल के कार्मिक भी मौजूद रहे।

### नदारद होने पर कार्रवाई

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा है कि महाअभियान में लापरवाही बरतने वाले सरकारी कार्मिकों पर कार्रवाई तय है। बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के अनुपस्थित मिले हैं। अकेले तहसीलदार मोहम्मदी की रिपोर्ट में 20 अप्रैल को 38 और 21 अप्रैल को 36 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। इनमें ग्राम विकास अधिकारी, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र, पंचायत सहायक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। कहा कि प्रशिक्षण के अब केवल दो चरण शेष बचे हैं, जिनमें शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

लचर सिस्टम

## खराब सड़कें और दूरी बन रही बड़ी बाधा, राहत कार्य में देरी से हो रहा नुकसान

# लंबा सफर तय कर पहुंचती दमकल, तब तक जल जाते घर

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं में अग्निशमन सेवाओं की देरी लोगों के लिए भारी पड़ रही है। गांवों से फायर स्टेशन की दूरी अधिक होने के कारण दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में लंबा समय लग जाता है, जिससे आग बेकाबू होकर बड़े नुकसान का कारण बनती है। ग्रामीणों ने प्रत्येक ब्लॉक में फायर स्टेशन बनवाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि आग लगते ही वह अपने स्तर पर ही आग बुझाने में जुट जाते हैं। बाल्टियों, हैंडपंप और स्प्रे मशीनों के सहारे आग पर काबू पाने की कोशिश की जाती है, लेकिन संसाधनों की कमी और तेज हवा के कारण लपटें तेजी से फैलती हैं और देखते ही देखते अधिकांश घर इसकी चपेट में आ जाते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक कई बार अग्निशमन वाहन को 25 से 50 किमी तक का सफर तय करना पड़ता है। रास्तों की खराब हालत और गांवों की संकरी गलियां भी राहत कार्य में बड़ी बाधा बनती हैं, जिससे दमकल के पहुंचने में और देरी हो जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि ब्लॉक स्तर पर अग्निशमन केंद्र स्थापित किए जाएं और गांवों में प्राथमिक अग्निशमन उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, तो आग पर शुरुआती स्तर पर ही काबू पाया जा सकता है। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी आग से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिए जाने की जरूरत है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक ब्लॉक में फायर स्टेशन की स्थापना की जाए, ताकि आपात स्थिति में समय रहते मदद पहुंच सके और बड़े नुकसान से बचा जा सके। ग्रामीण भारत के लिए दमकल केंद्र नजदीक होने बहुत आवश्यक हैं।



अमरपुर गांव में खुले आसमान के नीचे बैठा अग्नि पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

### भयावह था अमरपुर गांव का मंजर

बीते बुधवार को अज्ञात कारणों से निकली एक चिंगारी ने 66 घरों को निगल लिया। 28 किमी दूर से जब तक मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची। कब तक 119 परिवारों की जमा पूंजी स्वाहा हो चुकी थी। छप्पर और फूस के घरों में एक चिंगारी भड़कते ही सब कुछ नष्ट हो गया। दमकल की गाड़ी अगर समय पर पहुंच जाती तो शायद आधा गांव बच जाता।



आग से जले नोट दिखाती ओमवती।

### घरों की राख में दफन हो गए सपने

बीते 19 अप्रैल को तपती दोपहरी थी। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के गांव कांप टांडा में एक घर से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते 40 घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीण बाल्टी लेकर दौड़े पर भीषण आग के आगे उनकी कोशिश से बौनी पड़ गईं। दमकल 35 किलोमीटर दूर थी, जब तक गाड़ी पहुंची तब तक सिर्फ राख बची थी।

### घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली सदर के गांव ओदरहना निवासी मेराज ने बताया कि रात करीब 8:30 बजे वह घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही फिरोज, अफजाल, फैसल और इकरार समेत अन्य लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर अंदरूनी चोटें आईं।

शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे अदनान को भी आरोपियों ने रॉड से मारकर घायल कर दिया। हमलावर यहीं नहीं रुके, बल्कि उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों में से एक ने तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह पीड़ित ने घर में घुसकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं और उसके परिवार के साथ कोई बड़ी घटना कर सकते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई दिनेश कुमार पांडे को सौंपी है। साथ ही घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
● Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
● Faculty of Pharmacy
● Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
● Faculty of Management
Application Fee
■ For Indian Candidate Rs. 2000/-
■ NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

ब्रीफ न्यूज

### बाइक सवार को बचाने में पलटी कार, दो लोग गंभीर रूप से घायल

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नानक पुलिस चौकी अंतर्गत भुसौरिया मोड़ पर शुक्रवार रात 12 बजे तिलक समारोह से लौट रहे बोलेरो चालक ने सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में अचानक गाड़ी तेज रफ्तार में मोड़ देने पर बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।शुक्रवार की रात 12 बजे बोलेरो सवार गोला देहात के कुछ लोग फरधान में आयोजित तिलक समारोह से वापस लौट रहे थे, तभी भुसौरिया चौराहे के पास रॉयल इनफील्ड एजेंसी के पास सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया। बोलेरो पहले बाइक से टकराई और फिर पलट गई। दुर्घटना में बोलेरो में सवार भुसौरिया गांव निवासी रामगोपाल (25) पुत्र रामेश्वर, सुरेश कुमार (42) पुत्र चंद्रा गंभीर से घायल हो गए। सूचना मिलते ही नानक चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसी बीच गांव निवासी संजय कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को बोलेरो से निकालकर अपने निजी वाहन से सीएचसी पहुंचाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो और बाइक को कब्जे में ले लिया है।

### ई-रिक्शा पलटने से चार यात्री घायल

बरवर, अमृत विचार : शनिवार की दोपहर कस्बा के सीताराम चौराहा पर एक ई-रिक्शा पलटने से उस पर सवार चार लोग घायल हो गए। ई-रिक्शा बरवर कस्बे से से बस अड्डे की ओर जा रहा था। टूटी सड़क और अधिक वाहनों के आवागमन के चलते असंतुलन में ई-रिक्शा पावर हाउस के पास पलट गया। इस पर सवार निजामुद्दीन निवासी रसूलपुर तफज्जुल हुसैन थाना पसगवां व तीन अन्य घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी मोहम्मदी भेजा गया, जहां निजामुद्दीन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है।

### जननायक में बच्चे ले जाने की शिकायत मिला कुछ नहीं

शाहजहांपुर, अमृत विचार : शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे चाइल्ड हेल्पलाइन ने रेल अधिकारी, आरपीएफ और जीआरपी को सूचना दी कि पंजाब जाने वाली जननायक एक्सप्रेस में तीन लोग बिहार से कुछ नाबालिग बच्चों को काम कराने के लिए पंजाब ले जा रहे है। सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ अलर्ट हो गई। आरपीएफ थाना प्रभारी और जीआरपी थाना प्रभारी फोर्स के साथ प्लेटफार्म तीन पर पहुंच गए। जननायक एक्सप्रेस दोपहर साढ़े 12 बजे प्लेटफार्म तीन पर आकर खड़ी हुई। फोर्स ने ट्रेन के प्रत्येक कोच को चेक किया, लेकिन बच्चे नहीं मिले। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलने पर ट्रेन को चेक किया लेकिन कोई बच्चा नहीं मिला।

# पेट्रोल-डीजल संकट पर भड़के लोग, सिसैया मार्ग घंटों जाम

## निघासन में रातभर लाइन में खड़े रहने को मजबूर लोग, कालाबाजारी का लगाया आरोप, पुलिस के आश्वासन पर खुला जाम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/ निघासन

**अमृत विचारः** शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पेट्रोल और डीजल को लेकर पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं। कई पेट्रोल पंप मालिक ने पेट्रोल व डीजल न होने का बोर्ड लगा दिया है। इससे लोग काफी परेशान हैं। निघासन क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की लगातार बनी किल्लत ने शनिवार को जनाक्रोश का रूप ले लिया। परेशान ग्रामीणों, किसानों और वाहन चालकों ने सिसैया मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे कई घंटों तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंसे रहे, जिससे हालात और गंभीर हो गए।

जाम की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से वार्ता कर उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित लोग मांगों पर अड़े रहे। काफी देर तक चली बातचीत और जल्द पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद जाम खुला। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा।



निघासन में रोड जाम कर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार



वर्तमान में जिले में डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। डीजल की मात्रा 2164 किलो लीटर तथा पेट्रोल 1645 किलोलीटर उपलब्ध है। खपत से अधिक कंपनियों द्वारा ईंधन दिया भी जा रहा है। जिसे जितनी आवश्यकता है, उतना ही ईंधन लें। जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। – **अंजनी कुमार सिंह**, जिला पूर्ति अधिकारी

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई दिनों से क्षेत्र में किल्लत बनी हुई है। हालात इतने खराब हैं कि लोगों को देर रात या तड़के सुबह ही पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर लाइन लगानी पड़ रही है। ढखेरवा रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर शनिवार सुबह करीब तीन बजे से ही लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। कई लोग रातभर जागकर बारी का इंतजार करते रहे इसके बावजूद अधिकांश को ईंधन नहीं मिल सका। लोगों ने आरोप लगाया कि पंप पर तैनात कर्मचारियों द्वारा पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। लाइन में लगे लोगों को नजरअंदाज कर कुछ चुनिंदा व्यक्तियों को दिया जा रहा था। इससे नाराज होकर लोगों ने पहले मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उनका आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने सड़क जाम कर दी। ग्रामीणों ने यह भी गंभीर आरोप लगाए कि आसपास के गांवों में पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी कर खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है। उनके मुताबिक, कुछ लोग अधिक कीमत वसूलते हुए पेट्रोल 200 रुपये प्रति लीटर और डीजल 150 रुपये प्रति लीटर तक बेच रहे हैं। इस अवैध कारोबार के चलते आम लोगों को और अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। बेलरायां, सिंगाही और तिकुनिया क्षेत्रों में भी इसी तरह के हालात बने हुए हैं। कई पेट्रोल पंपों पर डीजल खत्म हो चुका है, जबकि पेट्रोल भी सीमित मात्रा में ही उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, जिला पूर्ति विभाग द्वारा जिले में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं। इस विरोधाभास ने आक्रोश और बढ़ा दिया है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन क्षेत्र में असंतोष अभी भी बना हुआ है और कभी भी दोबारा आंदोलन भड़क सकता है।

### दैनिक जीवन हो रहा प्रभावित

नागरिकों, व्यापारियों और किसानों का कहना है कि ईंधन की कमी से खेती-किसानी, परिवहन और दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ट्रैक्टर, जनरेटर और आवश्यक सेवाएं बाधित हो रही हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि ईंधन की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई हो और पेट्रोल पंपों पर पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए।



सिंगाही में पेट्रोल पंप पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

## सीमित वितरण, कई पंपों पर सप्लाई ठप

**सिंगाही, अमृत विचारः** क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की किल्लत लगातार गहराती जा रही है।

शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर हालात बेकाबू दिखाई दिए। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप समेत कई टंकियों पर सैकड़ों की संख्या में लोग लाइन में खड़े नजर आए। स्थिति इतनी खराब हो गई कि लोगों को नोटबंदी के समय बैंकों के बाहर लगी लंबी कतारों की याद आ गई। घंटों इंतजार के बाद भी कई लोगों को बिना ईंधन लिए ही वापस लौटना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम भारत पंप पर भारी भीड़ के चलते अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धक्का-मुक्की के बीच कर्मचारियों के लिए स्थिति संभालना मुश्किल हो गया, जिसके बाद पंप मालिक को बुलाना पड़ा। बाद में पुलिस की मौजूदगी में ईंधन का वितरण कराया गया। यहां ग्राहकों को सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल दिया गया, जिसमें अधिकतम 200 रुपये का पेट्रोल और 1000 रुपये तक का डीजल ही उपलब्ध कराया गया। अयोध्या पुरवा स्थित पेट्रोल पंप पर भी सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं पोशनूल पंप पर वितरण सुबह नौ बजे के बाद शुरू हुआ, लेकिन लोग सुबह छह बजे से ही बाइक और जेरी कैन लेकर लाइन में लगे रहे। अन्नपूर्णा फिलिंग स्टेशन पर पिछले तीन दिनों से सप्लाई पूरी तरह ठप है, जहां सप्लाई आने पर वितरण होगा का बोर्ड लगा दिया गया है। ईंधन संकट का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। इस समय खेतों की जुताई, गन्ने की सिंचाई और मड़ाई का कार्य जोरों पर है, जिसके लिए डीजल की भारी जरूरत होती है। किसानों का कहना है कि डीजल न मिलने से हार्वेस्टर, थ्रेसर और पंपिंग सेट बंद पड़े हैं, जिससे फसलों की तैयारी और सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। गन्ने की फसल सूखने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें अपने जरूरी काम छोड़कर दिनभर पेट्रोल-डीजल की व्यवस्था के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं पंप संचालकों के अनुसार पहले नियमित आपूर्ति होती थी, लेकिन अचानक बढ़ी मांग के कारण सप्लाई प्रभावित हो गई है। रोजाना टैंकर मंगाने के बावजूद मांग और आपूर्ति में संतुलन नहीं बन पा रहा, जिससे संकट लगातार गहराता जा रहा है।

## पिकअप-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत, साथी घायल

संवाददाता, फूलबेहड़

**अमृत विचारः** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक राकिब खां।

थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी रकीब खां (18) साथी जुनेद के साथ रात करीब 9 बजे बाइक से दवा लेने फूलबेहड़ जा रहा था। सैदापुर पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार मुर्गों से भरी पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे रकीब खां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा जुनेद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फूलबेहड़ कोतवाल संतोष सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।

**मां का इकलौता सहारा था रकीब :** मृतक रकीब खां अपने परिवार का मुख्य सहारा था। उसके पिता रियाज खां का करीब 15 वर्ष पहले निधन हो चुका था। इसके बाद मां महरून निशा ने मजदूरी कर बच्चों का पालन-पोषण किया। परिवार में तीन बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि छोटा भाई शाकिब अभी महज 8 वर्ष का है। बताया जाता है कि रकीब खां मेहनत मजदूरी कर मां और छोटे भाई की जिम्मेदारी संभाल रहा था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

पसगवां, अमृत विचारः लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर जंगबहादुरगंज से पश्चिम पनई चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। तीनों को शाहजहांपुर भेजा गया है।

आजाद पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम भोगीपुर पाठक थाना पसगवां, शिवम् पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम सेमराघाट थाना मैगलगंज और विपिन पुत्र वेदपाल निवासी भरतपुर थाना पिहानी हरदोई शुक्रवार की देर शाम बाइक से शाहजहांपुर की ओर से आ रहे थे कि फोरलेन नेशनल हाईवे पर जंगबहादुरगंज के पश्चिम पनई चौराहे के निकट तेज गति से जा रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल होकर जमीन पर गिर गये। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी पसगवां भेजा जहां से तीनों को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। लोगों ने बताया कि पनई चौराहा एक्सीडेंटल स्पॉट बन गया है। यहां रोजाना हादसे होते हैं।

# अंगदान को लेकर जागरूकता पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली में चिकित्सा क्षेत्र में मेडिकल एल्ट्रिज्म (परोपकारार्थमिदं शरीरम्) विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शनिवार से शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम अंजनी कुमार सिंह आदि ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।



सम्मेलन में मौजूद प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

● **मेडिकल एल्ट्रिज्म पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जुटे देश-विदेश के विशेषज्ञ**

प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि इस विषय पर यह प्रदेश का पहला सम्मेलन है, जिसमें देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टर भाग ले रहे हैं। कहा कि यह आयोजन अंगदान को लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उदाहरण साझा करते हुए बताया गया कि एक युवक हरीश राणा को गंभीर मस्तिष्क चोट के बाद ब्रेन डेड घोषित किया गया था। परिवार की सहमति से उनके अंगदान ने कई लोगों को जीवनदान दिया, जो समाज के लिए एक मिसाल है। यूनाइटेड किंगडम की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक रे ने आंत प्रत्यारोपण की जटिलताओं और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में विज्ञान और मानवता का संतुलन बेहद जरूरी है और अंगदान इसके सबसे बड़े उदाहरणों में से एक है।

एसजीपीजीआई लखनऊ के प्रोफेसर डॉ. जिया हाशिम ने ब्रेन डेड की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह कानूनी रूप से मृत्यु की स्थिति होती है। वहीं प्रोफेसर डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कानूनी पहलुओं पर जानकारी दी। किडनी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट, अंगदान की चुनौतियों और प्रक्रियाओं पर भी विशेषज्ञों ने चर्चा की। साथ ही एमबीबीएस छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम को राष्ट्रीय अंगदान एवं ऊतक प्रत्यारोपण संस्था और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सराहा गया है। उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने भी शुभकामनाएं भेजीं।

### किराये की कोख से मिल रही नई उम्मीद

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने सरोगेसी (किराये की कोख) पर भी चर्चा की। बताया गया कि यह तकनीक निसंतान दंपतियों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है और चिकित्सा क्षेत्र में परोपकार का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में चिकित्सक, छात्र और स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। विशेषज्ञों ने एक स्वर में कहा कि अंगदान को जन आंदोलन बनाकर ही समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## बाघ ने महिला को मार डाला

संवाददाता, निघासन

● **शनिवार देर रात मकान निर्माण देखने गई थी सोमवती, दहशत**

**अमृत विचारः** सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव सहिंजना में शनिवार देर रात एक मकान पर चल रहे निर्माण कार्य को देखने गई महिला पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में भय का माहौल है।

गांव सहिंजना निवासी माता प्रसाद अपने घर के पूर्व दिशा में नया मकान बनवा रहे थे। शनिवार रात करीब 10:50 बजे निर्माण कार्य के लिए ट्रॉली से मिट्टी गिराई जा रही थी। इसी दौरान उनकी पत्नी सोमवती (25) काम देखने के लिए पहुंची थीं। क्षेत्र में जंगल और खेतों की नजदीकी के कारण जंगली जानवरों की हलचल बनी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही सोमवती निर्माण स्थल के पास पहुंचीं, पहले से घात लगाए बैठे बाघ ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया। बाघ ने उनकी गर्दन दबोच ली और उन्हें घसीटते हुए ले जाने लगा। अचानक हुए हमले से लोग घबरा गए, लेकिन हिम्मत जुटाकर शोर मचाया और लाठियां लेकर बाघ की ओर दौड़े। आवाज सुनकर बाघ शव कुछ दूरी पर छोड़कर जंगल में भाग गया। ग्रामीणों ने सोमवती को उठाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। परिजनों का बुरा हाल है। वन विभाग और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## प्रबंधक व बैंक मित्र पर ठगी का आरोप

संवाददाता, संपूर्णानगर

● **10 प्रतिशत मासिक ब्याज का लालच देकर सात लाख रुपये लगवाने का आरोप**

**अमृत विचारः** संपूर्णानगर क्षेत्र की एक महिला ने बैंक शाखा प्रबंधक, लिपिक और बैंक मित्र पर प्राइवेट कंपनी में पैसा लगवाकर ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि अधिक ब्याज का लालच देकर उससे करीब सात लाख रुपये निवेश कराए गए, लेकिन कुछ ही समय बाद कंपनी गायब हो गई और उसका पैसा डूब गया।

कृष्णानगर निवासी वंदना गुप्ता ने थाना संपूर्णानगर सहित मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि आर्यावर्त बैंक शाखा बमनगर में उसका खाता है। बैंक सखी के कार्य से वह नियमित रूप से बैंक जाती थीं। इसी दौरान पूर्व शाखा प्रबंधक अमरेंद्र सिंह, लिपिक विवेक श्रीवास्तव और बैंक मित्र जितेंद्र कुमार ने उसे कुछ लोगों से मिलवाया और बताया कि उनकी एक कंपनी पैसा ओके एप के नाम से संचालित है, जिसमें निवेश करने पर हर माह 10 प्रतिशत ब्याज मिलता है।

पीड़िता के अनुसार अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे अलग-अलग खातों में करीब सात लाख रुपये जमा कराए गए। एक माह बाद जब उसे कोई ब्याज नहीं मिला, तो उसने अपना पैसा वापस मांगा। आरोप है कि इस पर संबंधित लोगों ने पैसा लौटाने से इनकार कर दिया और धमकी भी दी। महिला ने बताया कि उसने थाने से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत की, यहां तक कि मुख्यमंत्री दरबार में भी पहुंची, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं, शाखा प्रबंधक ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है और कहा है कि उन्होंने किसी प्रकार का निवेश नहीं करवाया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मामला वर्ष 2023 का है और पीड़िता ने इस प्रकरण में कोर्ट में वाद दायर कर रखा है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। ऐसे में कोर्ट के आदेश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व मलेरिया दिवस पर छात्रों को दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर संविलियन विद्यालय सदर में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत मलेरिया जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे जिला मलेरिया अधिकारी हरि शंकर और खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2015 से 2025 के बीच भारत में मलेरिया के मामलों में करीब 80 प्रतिशत और मृत्यु दर में 78 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएचओ की 2024 रिपोर्ट के अनुसार भारत अब उच्च जोखिम वाले देशों की श्रेणी से बाहर आ चुका है। लखीमपुर खीरी में भी स्थिति में सुधार हुआ है, जहां वर्ष 2024 में 614 केस सामने आए थे, वहीं 2026 में अब तक केवल 7 मामले ही दर्ज हुए हैं। कार्यक्रम में छात्रों को मलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि यह बीमारी संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है, जिसके लक्षणों में तेज बुखार, कंपकंपी, पसीना और शरीर में दर्द शामिल हैं। अधिकारियों ने बचाव के उपायों पर जोर देते हुए कहा कि शाम के समय पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें और घर के आसपास पानी जमा न होने दें। लार्वा नियंत्रण के लिए कीटनाशक या जले हुए मोबिल ऑयल के प्रयोग की भी सलाह दी गई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अब तक 38 तालाबों में गम्बूसिया मछलियां छोड़ी गई हैं, जो मच्छरों के लार्वा को खाकर उनके प्रसार को रोकने में मदद करती हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को स्वच्छता और मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। बुखार में देरी पड़ेगी भारी और हर रविवार मच्छर पर वार जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के अधिकारी, वीबीडी निरीक्षक, फील्ड वर्कर और विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

## मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों का प्रदर्शन

संवाददाता, निघासन/झंडी

**अमृत विचारः** विकासखंड निघासन क्षेत्र में ग्राम रोजगार सेवकों ने मानदेय न मिलने से नाराज होकर शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। लंबे समय से भुगतान न होने के कारण उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

प्रदर्शनकारी रोजगार सेवकों ने बताया कि उन्हें करीब 10 माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल है और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी चुनौती बन गया है। आरोप लगाया कि गांवों में कार्य करने वाले मजदूरों को भी पिछले करीब 6 माह से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। इससे ग्रामीणों में भी भारी नाराजगी है और सरकारी योजनाओं के प्रति विश्वास कम होता जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान रोजगार सेवकों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द से जल्द बकाया भुगतान करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि बार-बार मांग करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। इस दौरान अनिल, सुरजीत, अमर शुक्ला समेत कई रोजगार सेवक मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मानदेय और मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे और बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



बीडीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

● **10 माह से वेतन बकाया, मजदूरों का भी भुगतान अटका**

## भीषण गर्मी से राहत के लिए कूलिंग प्वाइंट शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आमजन को राहत देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद लखीमपुर ने एक सराहनीय पहल की है। शनिवार को शहर के प्रमुख स्थल श्री राम चबूतरा, रेलवे स्टेशन के आगे कूलिंग प्वाइंट का आरंभ किया। यहां लोगों को लू और गर्मी से बचाव के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बढ़ती तपिश को देखते हुए यह व्यवस्था खास तौर पर राहगीरों, मजदूरों और यात्रियों के लिए राहत का केंद्र बनेगी।



कूलिंग प्वाइंट के आरंभ पर शामिल पालिकाध्यक्ष, एडीएम व अन्य।

कार्यक्रम का आरंभ एडीएम नरेन्द्र बहादुर सिंह और पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उन्होंने कूलिंग प्वाइंट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों को इसके उपयोग के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि गर्मी के इस दौर में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। कूलिंग प्वाइंट पर लोगों के बैठने के लिए छायादार स्थान, ठंडे पेयजल की व्यवस्था, कूलर व ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) उपलब्ध कराया गया है। इससे राह चलते लोग कुछ समय रुककर आराम कर सकेंगे और लू के प्रभाव से खुद को सुरक्षित रख पाएंगे। पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बताया कि दिन के समय तेज धूप और लू से बचाव के लिए आमजन इस कूलिंग प्वाइंट का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आगे भी नगर के अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ऐसी सुविधाएं शुरू करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

